# राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, अपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर–302015
फोन नम्बर 0141–2973804, 2988946 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org
Emil id :- rpmc.helpdesk@gmail.com

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं/काउ. (सत्र 2019–20)/2019/1195 दिनांकः– 01/07/19

**–:: संक्षिप्त विज्ञप्ति ::–**

**(पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण सत्र 2019–20 में प्रवेश हेतु)**

राजस्थान राज्य में राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त निजी एवं राजकीय महाविद्यालय/संस्थानों में निम्न पैरा मेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैः–

| S.No. | Course Name |
|---|---|
| 1 | Diploma in Medical Laboratory Technology |
| 2 | Diploma in Radiation Technology |
| 3 | Diploma in Operation Theatre Technology |
| 4 | Diploma in Dialysis Technology |
| 5 | Diploma in Orthopaedic Technology |
| 6 | Diploma in ECG Technology |
| 7 | Diploma in Blood Bank Technology |
| 8 | Diploma in Endoscopy Technology |
| 9 | Diploma in Cath Lab Technology |
| 10 | Diploma in Emergency and Trauma Care Technology |
| 11 | Diploma in Ophthalmic Technology |
| 12 | Diploma in EEG Technology |

**आवेदन हेतु पात्रता/योग्यता की प्रमुख शर्ते निम्नानुसार हैः–**

| क्र.सं. | | |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक योग्यता | विज्ञान संवर्ग (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान/गणित) से (10+2) सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के अलावा तथा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के संबंध में उनकी शैक्षणिक योग्यता को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के द्वारा जारी अनुदेशिका के समकक्ष मापदण्डों के अनुसार चैक किया जायेगा। सूची कौंसिल की वैबसाईट पर उपलब्ध है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 40 प्रतिशत न्यनतम प्राप्तांक अनिवार्य है। 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् आई.टी. आई. एवं पोलोटैक्नीक प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु मान्य नहीं माना जायेगा। |
| 2 | आयु (31 दिसम्बर 2019) | दिनांक 31 दिसम्बर 2019 तक आवेदक को 17 वर्ष की आयु पूर्ण करनी अनिवार्य है। |
| 3 | सीटों की संख्या | पैरामेडिकल पाठ्यक्रम प्रशिक्षण प्रदान करने वाले महाविद्यालय/संस्थाओं की सूची एवं उनमें प्रवेश हेतु निर्धारित सीटों की संख्या ऑनलाईन आवेदन आमंत्रण पत्र स्वीकार के समय ऑनलाईन पॉर्टल पर उपलब्ध रहेगी। |
| 4 | आरक्षण | आरक्षण राजस्थान सरकार के नियमानुसार देय है। |
| 5 | महिला/पुरूष अभ्यर्थियों की सीटों की संख्या का अनुपात | राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार सभी पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थाओं में महिला व पुरूष अभ्यर्थियों के प्रवेश का अनुपात नियमानुसार होगा। किसी भी वर्ग में महिला अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर उसी वर्ग के पुरूष अभ्यर्थी एवं पुरूष अभ्यर्थी उपलब्ध नही होने पर महिला अभ्यर्थियों से |

| | | |
|---|---|---|
| | | सीटे भरी जावेगी। |
| 6 | पाठ्यक्रम की अवधि | 2 वर्ष |
| 7 | पाठ्यक्रम एवं परीक्षा का माध्यम | सभी पैरा मेडिकल महाविद्यालय/संस्थाओं में पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम प्रशिक्षण का माध्यम केवल अंग्रेजी होगा तथा परीक्षा का प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी भाषा में होगा, जिसका उत्तर भी अंग्रेजी भाषा में दिया जाना अपेक्षित होगा। |
| 8 | प्रशिक्षण शुल्क | 35000/–वार्षिक |
| 9 | प्रवेश प्रक्रिया | सीनियर सैकण्डरी परीक्षा के कुल प्राप्तांको के प्रतिशत के आधार पर मेरिट निर्धारित की जा कर अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रशिक्षण महाविद्यालय/संस्था के combination एवं विकल्प के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा, वरीयता राजस्थान राज्य के मूल निवासी को दी जायेगी। |
| 10 | आवेदन शुल्क | सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 1500/– (अक्षरे रूपये एक हजार पांच सो मात्र) आवेदन शुल्क तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 1000/– (अक्षरे रूपये एक हजार मात्र) आवेदन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना होगा। |
| 11 | आवेदन करने की प्रक्रिया | ऑन लाईन आवेदन स्वयं के कम्प्यूटर पर अथवा ई–मित्र कियोस्क पर जाकर भरा जा सकता है। ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से आवेदन करने के लिए SSO ID की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन यदि कोई आवेदक स्वयं अपने स्तर पर ऑन लाईन आवेदन करता है,तो उसके लिए SSO ID का होना अनिवार्य है। ऑन लाईन आवेदन के लिए वैबसाईट www.rajasthanparamedicalcouncil.org पर जाकर वहाँ पर प्रवेश हेतु आवेदन के लिए दिये गये लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। **SSO ID बनाने के लिए sso.rajasthan.gov.in पर जाकर वहाँ पर उपलब्ध विकल्प 'Register' पर क्लिक कर SSO ID बनाई जा सकती है।** |
| 12 | आवेदन की तिथि | ऑन लाईन आवेदन दिनांक 03.07.2019 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 31.07.2019 को सायं काल 05.00 बजे तक आवेदन भरे जायेंगे। ऑफ लाईन तथा निर्धारित समय उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। |

**नोटः–**

1. अभ्यर्थी द्वारा ऑन लाईन आवेदन करते समय अधिकतम चार पाठ्यक्रमों का ही चयन कर सकते है किन्तु इन चयनित चार पाठ्यक्रमों के साथ संस्थानों/महाविद्यालयों के कितने भी Combination विकल्प के रूप में भर सकते है।
2. आवेदक द्वारा जमा कराया गया आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में नही लौटाया जायेगा।
3. आवेदन किये जाने से पूर्व समस्त अभ्यर्थी/अभिभावक को सलाह दी जाती है कि वें विभागीय वैबसाईट www.rajasthanparamedicalcouncil.org पर महत्वपूर्ण सूचना/दिशा–निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़े।
4. विस्तृत ऑनलाईन काउन्सलिंग Schedule कौंसिल की Website पर उपलब्ध है।

**संलग्न करने योग्य आवश्यक दस्तावेजः–**

1. 10वीं अक–तालिका एवं प्रमाण–पत्र।
2. 12वीं अक–तालिका एवं प्रमाण–पत्र।
3. आव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate)
4. मूल निवास।
5. जाति प्रमाण पत्र (ओबीसी प्रमाण पत्र जारी तिथि से छः माह का ही मान्य होगा)।
6. आधार कार्ड एंव अन्य कोई भी फोटो पहचान आई.डी जो राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई।

रजिस्ट्रार 1/7/19